PART-**1**

अरब भूगोलवेत्ता- इब्न खाल्दून

डॉ. राजेश कुमार सिंह, भूगोल

सर्व नारायण सिंह राम कुमार सिंह महाविद्यालय, सहरसा

अरब भूगोलवेत्ता (Arab Geographers)

अनेक अरब लेखकों और विद्वानों ने भूगोल के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान किया है। उनमें से कुछ प्रमुख विद्वानों के योगदान की संक्षिप्त चर्चा यहाँ की जा रही है।

(6) इब्न खाल्दून (Ibn Khaldun)

इब्न खाल्दून (1332-1406) को अंतिम अरब विद्वान माना जाता है जिन्होंने भूगोल के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान किया था। उनका जन्म संभवतः अल्जीरिया (उत्तरी अफ्रीका) में हुआ था । वे अल्जीरिया, ट्यूनीशिया, स्पेन और मिस्त्र में रहे थे। उन्होंने 1377 ई० में अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'मुकद्दीमा' (Muqaddimah) को पूरा कर लिया था। यह पुस्तक छः खण्डों में विभाजित है -(1) सभ्यता, भूगोल और मानव विज्ञान, (2) चलवासी और स्थायी संस्कृति, (3) राजवंश और राज्य, (4) ग्रामीण और नगरीय जीवन, (5) जीवन यापन के साधन और (6) विज्ञानों का वर्गीकरण ।

इब्न खाल्दून को एक कुशल इतिहासकार और समाजशास्त्री के रूप में जाना जाता है किन्तु उन्होंने एक पर्यावरणवादी भूगोलवेत्ता के रूप में मानवीय क्रियाओं और उसकी जीवन शैली पर प्राकृतिक पर्यावरण के प्रभावों की तार्किक व्याख्या की है। उन्होंने अपनी पुस्तक में विभिन्न सामाजिक संगठनों की विकास अवस्थाओं की व्याख्या के साथ ही मरुस्थल के चलवासी जीवन को सर्वाधिक आदिम और पवित्र बताया है। उन्होंने विभिन्न शासन प्रणालियों का भी विवेचन किया है और राजनीतिक शक्ति के रूप में राजवंशों के उत्थान की क्रमिक अवस्थाओं का भी वर्णन किया है।

जनसंख्या वितरण के संदर्भ में इब्न खाल्दून का विचार था कि उत्तरी गोलार्द्ध में दक्षिणी गोलार्द्ध की तुलना में जनसंख्या सघन है और भूमध्यरेखा के सहारे जनसंख्या अत्यंत विरल है। समय के साथ जनसंख्या में वृद्धि होती है और बस्ती बढ़ती हुई आगे चलकर नगर का रूप ले लेती है। बड़े नगरों का आरंभ पहले लघु बस्तियों के रूप में होता है।

मानव पर पर्यावरण के प्रभाव का विवेचन करते हुए इब्न खाल्दून ने लिखा है कि भूमध्यरेखा के निकट निवास करने वाले लोग तेज धूप के कारण काले हो जाते हैं। उनके अनुसार मनुष्य के गुणों और

अभिरुचियों पर प्राकृतिक पर्यावरण का निर्णायक प्रभाव पाया जाता है। इस प्रकार मनुष्य और पर्यावरण के मध्य सम्बंध स्थापित करते हुए पर्यावरण को अधिक महत्वपूर्ण बताने वाले इब्न खाल्दून को विश्व का **प्रथम पर्यावरणीय नियतिवादी** (Environmental determinist) कहा जा सकता है।